उत्तर प्रदेश शासन

ग्राम्य विकास अनुभाग-6

संख्या-14/2015/384(2)/38-6-15-07(एसआरएलएम)/14टी0सी0

लखनऊ, दिनांक-30 मार्च, 2015

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

शासनादेश संख्या-11-315(2)/38-6-15-07(एसआरएलएम)/2014टी.सी., दि0-19.03.2015 द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वित्तीय वर्ष 2014-15 में भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति मद (अनुदान सं0-81) में स्वीकृत/अवमुक्त केन्द्रांश की प्रथम किशत के सापेक्ष अनुसूचित जाति मद (अनुदान सं0-83) से धनराशि अवमुक्त की गयी है। उक्त शासनादेश के प्रस्तर-2 के उपप्रस्तर-3 के अनुसार अवमुक्त की गयी धनराशि रू0-46.45 करोड में से रू0-28.23 करोड की धनराशि आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 द्वारा विषयगत 41 परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में सम्प्रति संरक्षित करते हुए अवशेष धनराशि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन सोसाइटी आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ को वित्तीय नियमों के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये है।

2- वित्तीय वर्ष 2014-15 की समाप्ति आसन्न होने तथा उक्त प्रकरण शासन में उच्च स्तर पर विचाराधीन होने के दृष्टिगत उपरिवर्णित शासनादेश दि0-19.03.2015 के प्रस्तर-2 के उपप्रस्तर-3 में की गयी व्यवस्था के संबंध में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उल्लिखित संरक्षित धनराशि रू0-28.23 करोड को अविलम्ब उ0प्र0 कौशल विकास मिशन सोसाइटी को हस्तान्तरित कर दी जाए। उक्त विचाराधीन प्रकरण में निर्णयोपरान्त पृथक से अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देश निर्गत किये जायेंगे।

3- इस संबंध में पूर्व में निर्गत शासनादेश सं0-11-315(2)/38-6-15-7(एसआरएलएम)/2014टी.सी., दि0-19.03.2015 इस सीमा तक संशोधित समझा जाएगा।

(अरुण सिंघल)
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या-384(3)/38-6-2015, तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- महालेखाकार(सिविल आडिट)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

3- आयुक्त, ग्राम्य विकास, जवाहर भवन, लखनऊ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय (स्किल डिवीजन), नई दिल्ली।

5- मिशन निदेशक, उ0प्र0कौशल विकास मिशन, आईटीआई परिसर, अलीगंज, लखनऊ।

6- निदेशक, कोषागार/मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

7- मुख्य लेखा परीक्षाअधिकारी, सहकारी समितियाँ एवं पंचायतें, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

8- मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम, गोमती नगर, लखनऊ।

9- अपर आयुक्त, लेखा, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।

10- वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-2/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

11-ग्राम्य विकास अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4

12-बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण/राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2

13-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(प्रभात कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in